**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2022 दिनॉकः मई 29, 2022

---

## :: सराहनीय कार्य::

**जनपद मुजफ्फरनगर में थाना जानसठ पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही 01 वाहन चोर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से 01 तमन्चा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 काले रंग की एफ0जैड0 यामाहा मोटरसाइकिल नं0– यू0पी0 15 बी0एफ0 7335 बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर व वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी जानसठ के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री विश्वजीत सिंह थाना जानसठ के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 29.05.2022 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 विक्रान्त कर्दम मय उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 सुरेन्द्र राव, का0 1842 सुनील कुमार, का0 476 विनोद कुमार मय सरकारी बुलेरा मय चालक का0 1462 मनीष अत्री के थाने से रवाना होकर वास्ते देखरेख शांति व्यवस्था गस्त व भ्रमण चौकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति मे मामूर थे। थाना जानसठ पुलिस टीम चौकी भलवा पर चैकिंग कर रही थी। 01 मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति को आता देख चैकिंग हेतु टॉर्च की रोशनी डालते हुए रूकने का ईशारा किया तो उक्त व्यक्ति ने मोटरसाइकिल न रोकी और तेजी से जानसठ कि तरफ मोटर साईकिल पर भागने लगा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तथा उक्त सूचना जरिये आर० टी० सैट द्वारा जानसठ को दी। जब पुलिस टीम पीछा करते हुए बसायच मोड के करीब पहुंची तो मोटरसाइकिल सवार बदमाश गाडी देख कर तेज रफ्तार से बसायच मोड से मुडकर ग्राम बसायच की तरफ भागने लगा, उक्त मोटरसाइकिल सवार की मोटरसाइकिल सडक के बायी ओर फिसल गयी। मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने पुलिस टीम द्वारा अपने–आप को घिरा समझकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने कि नियत से फायर कर दिया जिससे पुलिस टीम बाल–बाल बची। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की। कुछ देर बाद बदमाश की तरफ से फायरिंग बंद हो गयी, पुलिस टीम द्वारा सिखलाये हुए तरीके से आगे बढकर देखा तो बदमाश घायल अवस्था में पडा है, जिसकी दाहिनी टांग मे घुटने से नीचे खून बह रहा है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को प्राथमिक उपचार देकर, जामातलाशी लेते हुए नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम **रवि पुत्र राजेन्द्र निवासी गली नं0– 04 इन्द्रानगर थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ** बताया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से **01 तमन्चा मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 काले रंग की एफ0जैड0 यामाहा मोटरसाइकिल नं0– यू0पी0 15 बी0एफ0 7335 बरामद** की गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना जानसठ पर मु0अ0सं0–109/22 धारा–307 भादवि, मु0अ0सं0–110/22 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किये गये। पंजीकृत अभियोगों की विवेचना उ0नि0 श्री संदीप कुमार द्वारा की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. रवि पुत्र राजेन्द्र निवासी गली नं0- 04 इन्द्रा नगर थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ।

गिरफ्तार अभियुक्त रवि उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0- 387/18 धारा-380,411 भादवि थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ।
2. मु0अ0सं0- 49/19 धारा- 380 भादवि थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ।
3. मु0अ0सं0- 151/19 धारा- 379 भादवि थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ।
4. मु0अ0सं0- 152/19 धारा- 4/25 आयुद्ध अधिनियम थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ।
5. मु0अ0सं0- 223/20 धारा-379 भादवि थाना ट्रांसपोर्ट नगर जनपद मेरठ।
6. मु0अ0सं0- 277/20 धारा- 379 भादवि थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ।
7. मु0अ0सं0- 455/20 धारा- 3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना सिविल लाइन जनपद मेरठ।
8. मु0अ0सं0- 346/20 धारा- 188,269,270,414,411 भादवि थाना ट्रांसपोर्ट नगर जनपद मेरठ।
9. मु0अ0सं0 64/21 धारा- 411,414 भादवि थाना बृहमपुरी जनपद मेरठ।
10. मु0अ0सं0-109/22 धारा-307 भादवि थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
11. मु0अ0सं0-110/22 धारा-3/25/27 आयुद्ध अधिनियम थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।

बरामदगी का विवरणः-

- 01 तमन्चा मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
- 01 काले रंग की एफ0जैड0 यामाहा मोटरसाइकिल नं0- यू0पी0 15 बी0एफ0 7335।

गिरफ्तार करने वाली टीम :-

- उ0नि0 विक्रान्त कर्दम थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 राहुल कुमार थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 सुरेन्द्र राव थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 1842 सुनील कुमार थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 476 विनोद कुमार थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- चालक का0 1462 मनीष अत्री थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।

**नोटः- घायल/गिरफ्तार अभियुक्त रवि उपरोक्त वाहन चोर प्रवृति का अपराधी है, अभियुक्त द्वारा घटना किये जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

29/5

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर